देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 223 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...
मॉब लिंचिंग पर चिंता



# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 12 अक्टूबर 2019



मौसम अधिकतम 28.0° न्यूनतम 17.0°

38127.08

2 इथियोपिया के पीएम को शांति का नोबेल

7 विराट कोहली ने जड़ा दोहरा शतक

## संक्षिप्त समाचार

### आतंकी हमले के इनपुट के बाद पठानकोट में हलचल तेज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
पठानकोट। पंजाब में आंतकी हमले के खतरे के कारण सुरक्षा बेहद कड़ी कर दी गई है। पठानकोट में आतंकी हमले का इनपुट मिलने के बाद हाई अलर्ट जारी किया गया है। पूरे क्षेत्र में नाकंबदी कर दी गई और अस्पतालों में बेड खाली कराकर उन्हें रिजर्व किया गया है। बसें भी खाली कराकर तैयार रखी गई हैं। पुलिस व सुरक्षा बलों के जवान सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सुरक्षा बलों के साथ प्रशासन और पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया है। जिला प्रशासन ने शुक्रवार को सभी विभागों को अपनी इमरजेंसी सेवाओं को अलर्ट पर रखने को कहा है।

### ढाबे पर चाय पीते दिखे राहुल गांधी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
अहमदाबाद। कांग्रेस नेता राहुल गांधी इन दिनों गुजरात में हैं। वह यहां किसी रैली या चुनाव प्रचार के लिए नहीं बल्कि कुछ मुकदमों की सुनवाई के लिए पहुंचे हैं। सूरत के बाद शुक्रवार को एक केस की सुनवाई के सिलसिले में अहमदाबाद पहुंचे राहुल गांधी ने एक साधारण से ढाबे पर चाय पी। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस पार्टी के कई स्थानीय नेता भी मौजूद रहे। खुद राहुल गांधी ने इसका विडियो भी ट्वीट किया। राहुल गांधी को मानहानि के इस केस में जमानत भी मिल गई है।

### सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाला दूसरे लोक में जाएगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
अंबाला। भाजपा प्रत्याशियों के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को हरियाणा में चुनाव प्रचार करने पहुंचे। जनसभाओं में उन्होंने कांग्रेस पर जमकर हमला बघेला। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं को भारत माता की जय बोलने में शर्म आती है। उन्होंने जम्मू कश्मीर के मामले पर सीधी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में रहने वालों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाला दूसरे लोक में जाएगा।

# महाबलीपुरम में 'महादोस्ती'

## महाबलीपुरम में मिले मोदी और राष्ट्रपति चिनफिंग, पीएम ने दिखाई प्राचीन धरोहर

■पीएम मोदी ने चीनी राष्ट्रपति के स्वागत के लिए खास डिनर का भी इंतजाम किया

फ्री ट्रेड, सीमा विवाद जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा संभव

भारत–पाकिस्तान के बीच तनाव और कश्मीर पर चीन के लगातार विरोधाभासी बयानों के बीच चेन्नै के नजदीक मम्मल्लापुरम में मोदी–शी शिखर बैठक काफी अहम है। वुहान के बाद दूसरी इनफॉर्मल समिट के अजेंडे में व्यापार, आसियान देशों के साथ प्रस्तावित फ्री ट्रेड, सीमा विवाद और 5 जी का मुद्दा प्रमुख होगा। कश्मीर भारत का आंतरिक मामला है, लिहाजा पीएम मोदी इसकी चर्चा नहीं करेंगे। अगर शी चिनफिंग इसे छेड़ते हैं तो भारत उन्हें पक्ष से वाकिफ कराएगा।



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
महाबलीपुरम। भारत के प्राचीन शहर मामल्लापुरम यानी महाबलीपुरम में आज दुनिया के दो 'महाबलियों' भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग की मुलाकात हुई। पहले से तय था कि यह मुलाकात अनौपचारिक है और जब दोनों नेता मिले तो उनके पहनावे से लेकर हावभाव में कोई प्रोटोकॉल आड़े नहीं आया। तमिलनाडु के पारंपरिक परिधान धोती और हाफ शर्ट में मोदी थे तो सफेद शर्ट और पैंट में थे चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग। मोदी ने सड़क पर ही चीन के राष्ट्रपति की अगवानी की और फिर अगले एक घंटे तक शी को महाबलीपुरम के प्राचीन मंदिरों, झुकी चट्टान जैसी भारत की अनमोल विरासत को दिखाया।

दरअसल, मामल्लापुरम का चीन से 1700 साल पुराना कनेक्शन है। माना जा रहा है कि प्राचीन विरासत को दिखाते हुए पीएम ने चीनी राष्ट्रपति को इसके बारे में भी बताया।

दोनों देशों के बीच बेहतर रिश्तों के लिहाज से चीनी राष्ट्रपति का यह दौरा बहुत महत्वपूर्ण है। चीनी राष्ट्रपति से मुलाकात के लिए पहुंचे पीएम मोदी ने पारंपरिक तमिल परिधान वेष्टि (लुंगी जैसा परिधान) में पहुंचे। चीनी राष्ट्रपति भी कैजुअल सफेद शर्ट और पैंट में पहुंचे। दोनों नेताओं ने गर्मजोशी से हाथ मिलाया।

शी के स्वागत के लिए भारत की ओर से खास इंतजाम भी किए गए हैं। वुहान में चीन के राष्ट्रपति ने जिस तरह से पीएम मोदी का ग्रैंड वेलकम किया था, कुछ उसी तरह से चीनी राष्ट्रपति का महाबलीपुरम में स्वागत किया गया।

### मम्मलापुरम में तीन पौराणिक महत्ववाले स्मारकों का भ्रमण

दोनों शीर्ष नेता मम्मलापुरम में तीन स्मारकों का दौरा कर रहे हैं। इसमें अर्जुन की तपस्यास्थली, पंच रथ और शोर मंदिर शामिल हैं। शोर मंदिर में सांस्कृतिक नृत्य की लुत्फ भी चीनी राष्ट्रपति थोड़ी देर में उठाएंगे। यह सांस्कृतिक नृत्य भारत के प्रसिद्ध सांस्कृतिक नृत्य समूह कलाक्षेत्र द्वारा पेश किया जाएगा जिसे मशहूर क्लासिकल डांसर और ऐक्टिविस्ट रुक्मणि देवी ने 1936 में गठित किया था।

**प्रतिनिधिमंडल से शी और पीएम मोदी ने की भेंट:** विदेश मंत्री एस. जयशंकर, विदेश सचिव विजय गोखले और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार से भी औपचारिक मुलाकात शी चिनफिंग ने किया।

## मध्यप्रदेश कांग्रेस में रार तेज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
गुना। मध्य प्रदेश कांग्रेस में गुटबाजी और गहरी होती जा रही है। कर्जमाफी पर दिग्विजय सिंह के भाई के बाद अब गुना से पूर्व सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी सवाल उठाए हैं। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने माना कि उनकी सरकार का किया हुआ कर्जमाफी का वादा पूर्णतया पूरा नहीं हुआ है। इससे पहले दिग्विजय सिंह के भाई लक्ष्मण सिंह ने कहा था कि राहुल गांधी को किसानों से माफी मांगनी चाहिए।

ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा, सरकार का जो कर्जमाफी का वादा था वह पूरा नहीं हो पाया है। किसानों का सिर्फ 50 हजार रुपये तक का कर्ज माफ हुआ है जबकि हमने 2 लाख रुपये तक के कर्जमाफी का वादा किया था।

# कश्मीर पर किसी का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
बुलढाना (महाराष्ट्र)। कश्मीर मसले पर पाकिस्तान के सुर में सुर मिलाने वालों को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इशारों–इशारों में संदेश दिया है। महाराष्ट्र के बुलढाणा में चुनावी सभा के दौरान शाह ने कहा कि पिछले कुछ सालों में हमारा साफ स्टैंड है कि हमलोग किसी भी मुल्क की दखलंदाजी कश्मीर मुद्दे पर नहीं चाहते हैं।

शाह ने कहा कि भले ही वह अमेरिकी राष्ट्रपति हों या कोई और, पीएम मोदी ने साफ शब्दों में कहा है कि कश्मीर हमारा आंतरिक मामला है और इसमें किसी भी देश के हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है।

शी चिनफिंग के भारत पहुंचने से पहले शाह का चीन को सख्त संदेश



**एनआरसी पर भी बोले**
केंद्रीय मंत्री ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आर्टिकल 370 के प्रावधानों को हटाए जाने के बाद देश में यह पहला चुनाव है। इस चुनाव में दुनिया में यह संदेश जाना चाहिए कि पूरा भारत 370 हटाने के पक्ष में एकजुट है। इस दौरान उन्होंने एनआरसी को लेकर कहा कि हम एनआरसी के जरिए देश से घुसपैठियों को बाहर भगाना चाहते हैं तो कांग्रेस को उससे भी दिक्कत है।

पूर्व की सरकारों पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि कांग्रेस के शासन में पाकिस्तानी आतंकवादी हमारे सैनिकों की जान लेते थे और सरकार चुप रहती थी। पीएम मोदी ने उन्हें उसी तरह जवाब देना शुरू किया। उन्होंने कहा कि उड़ी और पुलवामा हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के कई आतंकियों को मार गिराया।

### राहुल गांधी पर निशाना

बुलढाना में रैली को संबोधित करते हुए शाह ने ब्रिटेन की लेबर पार्टी के नेता जेरेमी कॉर्बिन के साथ कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात और कश्मीर मुद्दे का जिक्र करने पर कांग्रेस को घेरा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के करीबी कमल धालीवाल (इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रेजिडेंट) ने जेरमी कॉर्बिन से भेंट की और कहा कि कश्मीर में स्थिति सामान्य नहीं है। मैं राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं कि आपकी पार्टी के लोग अंग्रेज नेता के सामने हमारे देश की कौन सी छवि पेश करने की कोशिश कर रहे हैं।

# 14 अक्टूबर को ईडी के सामने पेश होंगे चिदंबरम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। तिहाड़ जेल में बंद पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। शुक्रवार को दिल्ली की एक विशेष अदालत ने 14 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे ईडी के सामने पेश करने का आदेश दिया। अदालत ने ईडी के द्वारा दाखिल याचिका के बाद चिदंबरम के खिलाफ प्रॉडक्शन वॉरंट जारी कर दिया। शुक्रवार को ही ईडी ने विशेष अदालत में याचिका दाखिल कर चिदंबरम की पेशी की मांग की थी। ईडी ने अपनी याचिका में कहा था कि आईएनएक्स मीडिया मामले में चिदंबरम को हिरासत में लेकर पूछताछ करने की जरूरत है।

# कांग्रेस के घोषणापत्र में कर्जमाफी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
चंडीगढ़। हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने शुक्रवार को अपना संकल्प पत्र घोषित किया। इस संकल्प पत्र में कांग्रेस ने महिलाओं के लिए पिटारा खोल दिया है। भत्ते बढ़ाने से लेकर आरक्षण तक महिलाओं के लिए संकल्प पत्र में काफी कुछ है। उनके अलावा छात्रों, अनुसूचित जातियों और पिछड़े वर्ग के लिए भी कई वादे किए गए हैं। साथ ही किसानों की कर्जमाफी का वादा भी किया गया है। गौरतलब है कि कर्जमाफी का वादा कांग्रेस ने मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों से पहले भी किया था। राज्य में 21 अक्टूबर को चुनाव होंगे और 24 अक्टूबर को नतीजे आएंगे।

**अपराध बढ़ाः** इससे पहले पार्टी की सीनियर नेता कुमारी शैलजा ने बीजेपी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने राज्य की मनोहरलाल खट्टर सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देशभर में हरियाणा अपराध में टॉप पर माना जाता है। मौजूदा सरकार में 36 प्रतिशत अपराध बढ़े हैं जबकि रेप केस 42 प्रतिशत बढ़े हैं। हादसों में पुलिस की गोलियों से 80 से ज्यादा लोग मारे गए।

### हरियाणा चुनाव

बैलट पेपर सिस्टम की वापसी की मांग की

**कई घोटाले**
शैलजा ने कहा कि सबॉर्डिनेट सिलेक्शन कमिशन के चेयरमैन को निलंबित किया गया और कुछ ही दिन में बहाल कर दिया गया। उन्होंने कहा कि खनन घोटाला, ड्रग माफिया, ट्रांसपोर्ट में घोटाला किया गया और हरियाणा के ग्रीन कवर को खत्म करने की साजिश की गई ताकि जमीन को रियल एस्टेट को बेचा जा सके।

**बेरोजगारी बढ़ी, किसान त्रस्त**
आरोप लगाया कि बेरोजगारी की दर देशभर में सबसे ज्यादा 28.7 प्रतिशत हो गई। 15–19 की उम्र में बेरोजगारी दर 96 प्रतिशत और 20–24 की उम्र में बेरोजगारी दर 65 प्रतिशत हो गई। उन्होंने कहा कि 4862 नौकरियों के लिए 15 लाख युवक–युवतियों सड़क पर आए। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि यूपीए और हरियाणा में सरकार थी तो किसानों के 72 हजार करोड़ के कर्ज माफ किए जबकि आज किसान इतना त्रस्त और दुखी है लेकिन हरियाणा मुख्यमंत्री मनोहरलाल कि अगर उनका कर्ज माफ करेंगे तो वे आलसी हो जाएंगे।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in